तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 24 मई 2025

टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात 10



चिखली की चार छात्राएं रायपुर फुटबॉल अकादमी... 12





# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ डीईओ ने दी समस्याओं के शीघ्र समाधान की आश्वस्ति

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष दिलीप साहू के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मारकले से मुलाकात कर जिले में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग के स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की व ज्ञापन सौंप शीघ्र निराकरण की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में युक्तियुक्तकरण के विषय सहित सहायक शिक्षक एल बी से प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति, लोकसभा निर्वाचन–2024 के कारण मुख्यालय नहीं छोड़ने के बदले जिले के सभी शिक्षकों को अन्य जिले की भांति नियमानुसार अर्जित अवकाश स्वीकृत करने, मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञापन के अनुसार जिले के अनुसूचित क्षेत्र डौंडी विकास खंड के कर्मचारियों के लिए अन्य जिले की भांति 10 दिन का अतिरिक्त अर्जित अवकाश व 7 दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने आदेश जारी करने, जिले के सभी विकास खंड में सीजीपीएफ पासबुक संधारण व सेवा पुस्तिका संधारण के लिए संगठन द्वारा पूर्व में सौंपे गए।

ज्ञापन पर अपेक्षित प्रक्रिया न होने से शिविर के माध्यम से संधारण करने, उच्च परीक्षा अनुमति के लिए पिछले एक दो वर्षों के लंबित अनुमति आदेश के लिए स्थिति स्पष्ट करने, सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्य कर चुके शिक्षकों के संविलियन के पूर्व के माह जुलाई 2016 से मार्च 2017 तक के 7 प्रतिशत लंबित डीए एरियर्स का कई बार ज्ञापन के बावजूद लगभग 8–9 वर्ष बाद भुगतान नही होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र भुगतान करने व पहली बार प्रदेश में आयोजित 5 वी व 8 वी कक्षा के केंद्रीकृत मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा के अंक सूची प्रदान करने में विलंब से प्रवेश में दिक्कत को ध्यान रखते हुए शीघ्र व्यवस्था करने आदि पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया। अधिकारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

## पदोन्नति, अवकाश और लंबित डीए एरियर हैं प्रमुख मांगें



### ये रहे उपस्थित

टीचर्स एसोसिएशन बालोद की ओर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, जिला संगठन मंत्री रिखी ध्रुव, महामंत्री रवींद्र नाथ योगी, लेखराम साहू, रामसिंह ठाकुर, धीरज कस्तुरे, आई टी सेल प्रभारी हरीश साहू, शिवेंद्र बहादुर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरज गोपाल गंगबेर, जिला सलाहकार संतोष देवांगन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### 7 माह बाद बालोद पुलिस की गिरफ्त में छेड़छाड़ का आरोपी

**बालोद।** महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने 7 माह बाद पकड़ने मे सफलता प्राप्त की है। आरोपी इसी प्रार्थी महिला से छेड़छाड़ के आरोप मे पूर्व मे गिरफ्तार हो चुका है। एक महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी वार्ड 21 राजहरा निवासी सुधीर राजपूत 24 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उन्होने एक महिला के साथ छेड़खानी की थी। पूर्व मे भी आरोपी ने उसी महिला से छेड़खानी की थी। जिसके बाद वह जेल गया हुआ था और हाईकोर्ट से जमानत पर छूटा था। आरोप है कि जिसके बाद वह महिला पर दबाव बनाया था कि केस वापस ले लो महिला राजी नही हुई तो उसने दोबारा उसके घर मे घुसकर छेड़खानी की। घटना अक्टूबर 2024 की है। तब से आरोपी फरार था। लगभग 7 महिने से फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछाया। लगातार उसके ठिकानो पर पतासाजी की जाती रही। बस्तर सहित अन्य जिलो मे आरोपी छुप कर रहने लगा। इस बीच सही ठिकाने का पता चला और पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर दोबारा जेल भेजा।

### तस्करी की आशंका पर बालोद पुलिस ने की वाहनों की जांच



**बालोद।** गौ तस्करी की शिकायत पर बालोद पुलिस सुबह 5:30 बजे जुंगेरा पेट्रोल पंप के पास पहुंची जहां लगभग 150 के लगभग पशुओ को खेरथा की ओर से आ रहे लोगो को रोका गया, जिन्हे पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वैध परमिट दिखाया जिसके बाद उन्हे छोड़ दिया गया। बताजा जा रहा है कि पशु मालिक पशुओ को खेरथा से करहीभदर ले जा रहे थे।

### अहिल्याबाई होलकर जयंती पर स्वच्छता अभियान आज

**गुरूर।** भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर द्वारा लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती अवसर पर ग्राम कनेरी के कंकालिन मंदिर प्रांगण कनेरी मे 24 मई को सुबह 7:30 बजे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर टुकेशवर पाण्डेय, महामंत्री भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर राकेश सिन्हा, यदीप साहू ने बताया कार्यक्रम मे भारतीय जनता पाटऍ मंडल मिरऍटोला (पुरूर) में निवासरत समस्त भाजपा प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारी गण, सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि गण सहित कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में उपस्थित रहेंगे।

## सुशासन तिहार : शिविर में 1668 आवेदनों का किया गया निराकरण

# राज्य सरकार जनता की समस्याओं का कर रही निराकरण : सांसद नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

■ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में किया गया पौधरोपण

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत नगर पालिका दल्लीराजहरा में आयोजित समाधान शिविरों में शामिल ग्राम एवं वार्ड के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा।नगर पालिका दल्लीराजहरा के समस्त वार्डवासी समाधान शिविर में शामिल हुए। नगर पा लि का दल्लीराजहरा के शिविर में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन,चेमन देशमुख, पवन साहू, श्रीमती कुसुम शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम नूतन कंवर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा नगरवासी उपस्थित थे। नगर पालिका दल्लीराजहरा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि सुशासन तिहार के आयोजन ▶▶|शेष पेज 12 पर

### दल्लीराजहरा में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिली सौगात





### सुशासन को जनता के द्वार तक लाने का महत्वपूर्ण प्रयास : देशमुख



इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख ने कहा कि सुशासन तिहार के आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा सुशासन को जनता के द्वार तक लाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है। जो कि हर तरह से सराहनीय ह,उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के सांकरा क कलस्टर में शामिल 15 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 5844 एवं नगर पालिका दल्लीराजहरा के समस्त वार्ड के लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1668 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज जिले के शिविरों में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हे मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार को भी पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया।

## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में सुशासन की दिशा में ऐतिहासिक पहल : सांसद





■ छत्तीसगढ़ में रजिस्ट्री प्रक्रिया में 10 क्रांतिकारी सुधार, बालोद में कार्यशाला आयोजित

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ में जमीन के पंजीयन में जो 10 क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं, वह सुशासन की सरकार का ऐतिहासिक कदम है। जिला प्रशासन बालोद द्वारा पंजीयन विभाग अंतर्गत रजिस्ट्री के प्रमुख 10 सुधारों के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवारभाट स्थित मांगलिक प्रांगण में आज दोपहर 03 बजे किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्षतोरण लाल साहू, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष यज्ञदत शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, कृष्णकांत ▶▶|शेष पेज 12 पर

## तूफान के बाद मरकामटोला अंधेरे में, एक माह से बंद है स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ बिजली विभाग और ग्राम पंचायत की लापरवाही से ग्रामीण परेशान



आंधी तूफान से ग्रामीण अंचलों में कही लो वोल्टेज ,कही असमय विद्युत कटौती ,तो कही गली लाइन बंद होने की समस्या से जूझना पड़ रहा है , जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने बताया कि जमही सब स्टेशन से निकलने वाली सप्लाई बकलीटोला फिडर से जुड़े मरकामटोला मे अप्रैल माह में आंधी तुफान से तीन पोल पेड़ गिरने से टुट गया था तब से गली का लाईट बंद पड़ी है।

विभाग को फोन करो तो बोलते हैं अलग ट्रांसफार्मर लगाना पड़ेगा एक ही ट्रांसफार्मर से दोनों पारा में लाईट सप्लाई हो रही थी स्कुल पारा और पुराना पारा का जब से पोल टुटा है तब से पुराना पारा का आंगनबाड़ी के पास जम्फर को काट दिया गया है स्कूल पारा का गली लाईट यथावत जल रही है लेकिन पुराना पारा का लाईट महिना भर से बंद पड़ी है विभाग की घोर लापरवाही दिखाई दे रही है। ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों की भी लापरवाही है वार्ड में जो भी समस्या है उसकी शिकायत ग्राम पंचायत में करनी चाहिए। ग्राम वासियों को अंधेरे में चलने को मजबुर है बारिश होने से कीडे. मकोड़े के काटने का डर बना हुआ है, राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य ने बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी से मरकाम टोला के गली लाइन की समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## मोखा के निस्तारी तालाब में जहरीली दवा से फैला प्रदूषण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ सैकड़ों ग्रामीणों ने लीज रद्द कर दोषियों पर कार्रवाई की उठाई मांग

ग्राम पंचायत मोखा के सैकड़ो ग्रामीणो ने गांव के निस्तारी तालाब के खराब पानी की जांच व मछुवारा समिति की लीज समाप्त करने की मांग को लेकर सुशासन तिहार मे कलेक्टर के नाम गुण्डरदेही एसडीएम को मांग पत्र सौपकर कार्यवाई की मांग की है।

ग्रामीणो ने शिकायत पत्र मे कहा है कि गांव के निस्तारी तालाब जो विभाग द्वारा मछली पालन करने मछुवारा समिति को लीज मे दिया है जो कि गंभीर समस्या है। ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि मछुवारा समिति द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए निस्तारी तालाब मे जहरीली खरपतवार नाशक दवाई का छिड़कव किया गया है, जिससे बड़ी संख्या मे जलीय जीव जंतु के मरने से तालाब का पानी दुषित हो गया है व आस पास के वातावरण मे असहानीय बदबू फैल रही है, जिसके चलते गांव मे गंभीर बीमारी फैलने की आशंका है। ग्रामीणो ने मांग पत्र मे कहा कि मछुवारा समिति लीज समाप्त कर प्रकरण की जांच कर दोषियो के उपर कार्यवाई करे व प्रदूषित पानी की निकासी व्यवस्था के लिए राशि स्वीकृत करें।

ज्ञापन सौंपने वालो मे सरपंच महेंद्र कुमार साहू, शिवदयाल साहू, गौकरण साहू, मानसिंह साहू, दीनदयाल साहू, माखनलाल, राजेश कुमार, परमेश्वर, बलीराम साहू, बुधराम, बरसन साहू, गौतम साहू, रामसाय साहू, तरुण, मिलन कुमार, तेजराम सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, संगठन विस्तार पर जोर

# गांव-गांव पहुंचकर जनसमस्याएं सुन रहे पूर्व मंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्गग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झोला, तिरगा, भोथली,रुदा, निकुम, मासाभांट, आमटी, आबादी आमटी, आलबरस, एवं खाड़ा में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं, उनकी मदद कर रहे हैं और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ से कांग्रेस पार्टी में नए लोगों के साथ महिलाओं एवं युवाओं को भी जोड़ने का आह्नान किया है। इस दौरान विधानसभा वासियों द्वारा लगातार अलग अलग समस्यायें जैसे ग्राम झोला मे ठेकेदार की लाफरवाही से 10 से अधिक काम स्वीकृत कार्यों को आधुरा छोड़ देना, साथ ही इस क्षेत्र मे लगातार बिजली कटौती हो रही है जिससे लोग गर्मी में भारी परशानी हो रही है। वर्तमान में विधानसभा के ग्राम पंचायत के सरपंचो को काम नहीं देना,सीधा ठेकेदार को काम दिया जा रहा है जिससे ग्राम पंचायत के सरपंच इस सरकार से नाराज है। किसानों को अभी से खाद की समस्या आ रही है,पीने का पानी नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य बंद होना, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी,ग्राम आमटी बस्ती में सड़क मोड़ पर ब्रेकर बनवाने की,महिला समूहों को काम नहीं मिलना,अवैध शारब गांव गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की विधानसभा में भारी कमी है। इन्हें सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण हेतु विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर ग्राम तिरंगा में ग्रामीण जनों ने कांग्रेस पार्टी के विचार रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर गाँव में हरियाली लाने हेतु पौधरोपण किया गया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चन्द्रकार, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी,अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव ,पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत देवेन्द्र देशमुख,जनपद सदस्य दामिनी देशमुख,पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, गोपेश्वर बेलचंदन,बाबू लाल देशमुख, घनश्याम देशमुख, नंद कुमार साहू, जीवन सिन्हा, सरपंच बंसती निषाद, घनश्याम देशमुख, रमेश साहू, सहेली देशमुख, पुरुषोत्तम चौधरी, सरपंच आमटी दुर्गा चौधरी,बलराम देशलहरे, धरमदास साहू, देवेंद्र राजू देशमुख, आशाराम टंडन, देवलाल साहू, टीकाराम साहू, भीषम चौधरी, कन्हैया लाल साहू, मानसिँह साहू, नीरज साहू, देवीलाल देशमुख,पूर्व सरपंच आशा देशमुख,प्यारे लाल देशमुख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

## ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर पहिए के नीचे दबा युवक, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ओवरस्पीड बनी हादसे की वजह, पुलिस ने दर्ज किया मामला

ईट की ढुलाई के दौरान चलते ट्रैक्टर मे ट्राली से ट्रैक्टर के इंजन मे आ रहे व्यक्ति नीचे जमीन मे गिर गया, इस दौरान वह ट्राली के पहिये के नीचे आ गया, जिसके कारण ट्राली के पहिये मे दबने के कारण उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। दल्लीराजहरा मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर हितकसा से मुच्चर पहुंच मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली से गिरने के बाद पहिये मे दबने से तुशार सलामे की मौत हो गई। ओवरस्पीड की वजह से हादसा हुआ। राजहरा थाने मे ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 106, 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ग्राम बिटेझर खडगांव निवासी निखिल आंचला ने बताया कि 18 मई को ट्रैक्टर से ईट लाने नैतिक आंचला व तुशार सलामे के साथ गए थे। बिटेझर मे एक ट्रैक्टर ट्राली मे भरे ईट को खाली करने के बाद दोबारा लोधीटोला, हितकसा जा रहे थे, ट्रैक्टर को चालक पुरूशोत्तम भुआर्य चला रहा था। इंजन मे मै और नैतिक बैठे थे। ट्राली मे तुशार सलामे बैठा था। हितकसा तिराहा मे मुच्चर की ओर जा रहे थे। तब तुशार सलामे ट्राली मे इंजन की ओर आ रहा था। तभी हितकसा नाला के पास तुशार जमीन पर नीचे गिर गया और ट्राली के पहिये मे दब गया। ट्रैक्टर जिससे तुशार के सिर एवं सीना मे गंभीर चोट लगने से निकल रहा थां अस्पताल ले जाने के पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**खबर संक्षेप**



## टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात

**बालोद**। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने जिला संयुक्त कार्यालय में जिले में नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की तथा वर्तमान में शिक्षा विभाग में चल रही शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विषय, जिले में शैक्षिक विषय पर चर्चा के साथ फरवरी 2025 में जिले में संपन्न नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन में मतदान दलों में ड्यूटी किए कर्मचारियों के लगभग 3 माह उपरांत भी अधिकांश विकास खंड में कर्मचारियों के मानदेय भुगतान नही होने पर भुगतान के लिए चर्चा कर ज्ञापन सौंपा व शीघ्र भुगतान की मांग की। अधिकारी ने शीघ्र भुगतान की कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, जिला संगठन मंत्री रिखी ध्रुरव, महामंत्री रवींद्र नाथ योगी, लेखराम साहू, रामसिंह ठाकुर, धीरज कस्तुरे, आईटी सेल प्रभारी हरीश साहू, शिवेंद्र बहादुर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरज गोपाल गंगबेर, जिला सलाहकार संतोष देवांगन उपस्थित थे।

## रिश्वत मांगने को लेकर बखेड़ा, किसान पर केस

**भिलाई**। ग्राम समोदा में राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के नाम पर किसान से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर एसीबी से भी शिकायत की गई थी, लेकिन एसीबी की टीम आरोपी को पकड़ पाती, इससे पहले ही पीड़ित पक्ष से आरोपी का विवाद हो गया। मामला थाने पहुंच गया और किसान पर ही एफआईआर दर्ज हो गया। ये बात समोदा निवासी किसान दलपति देशमुख के पारिवारिक सदस्यों ने बताई। पुलिस ने बताया कि जेवरा-सिरसा पुलिस ने पटवारी रत्नेश भदोरिया की शिकायत पर दलपति देशमुख के परिवारजनों पर हाथ मोड़ने और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक दलपति देशमुख अपने पुत्रों के नाम से जमीन का बटांकन कराना चाह रहा था। इसके लिए जमीन की त्रुटि सुधार के लिए उसने पटवारी से संपर्क किया। इस मामले में उससे 60 हजार रुपए के रिश्वत की मांग की गई। इसके कारण यह पूरा मामला सामने आया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## अमेरी के छात्र नेहिल का छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन



**सेलूद**। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमेरी के छात्र नेहिल कुमार धीवर पिता लंकेश धीवर का इस वर्ष एनएमएमएसई में चयन हुआ है। अब तक इस विद्यालय से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विगत चार वर्षो में 18 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है। प्रधान पाठक देवलाल पटेल, नोडल टीचर मुकेश वर्मा, सीएसी खिलेश वर्मा आदि ने बधाई दी है।

### मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत मकान लॉटरी के माध्यम से किया आवंटित

# खुर्सीपार में सीवरेज लाइन से प्रभावित हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**संपूर्ण राशि जमा करने वालों को सौंप दी जाएगी मकान की चाबी**



खुर्सीपार बैक लाईन सीवरेज सिस्टम के उपर अवैध कब्जाधारी 12 हितग्राहियो को लॉटरी के माध्यम से मकान आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं एम.आई.सी. के सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया रखी गई। इसमें जो हितग्राही नियमानुसार अपनी धरोहर राशि जमा कर दिए थे, उन्हे मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत मकान लॉटरी के माध्यम से आबंटित किया गया। हितग्राहियों को विशेष प्रावधान के तहत उनके द्वारा मात्र 75000 रूपये जमा करने पर मकान आबंटित किया जा रहा है। इसमें से 8 हितग्राही पूर्ण राशि जमा कर दिए है। 4 हितग्राही ऐसे है जिनके पास पुरी राशि नहीं होने के कारण वे 25000 रूपये जमा किए है। उन्हे विशेष बरियता देते हुए प्रावधिक रूप से मकान आबंटित किया गया है। जब वे शेष राशि 50000 और जमा कर देगे, तभी उन्हे पूर्ण कालिक आबंटन पत्र प्राप्त होगा। महापौर पाल ने खुर्सीपार क्षेत्र के उपस्थित हितग्राहियो से कहे कि बाकी लोग भी शीघ्र से पैसा जमा कर दें तो उन्हे भी कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया बी-1 ब्लॉक में मकान आबंटन किया जाएगा, जो पहले आएगा उसे पहले मकान प्राप्त हो जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान एम.आई.सी. सदस्य लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, योजना प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, नम्रता ठाकुर, जागेश्वर साहू, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी आदि उपस्थित रहे।

### 19 और लोगों को मिला आवास

इसके अतिरिक्त अन्य 19 हितग्राही जिन्हे नियमानुसार खुली लॉटरी पद्धति के माध्यम से बारी-बारी से मकान आबंटित किया गया। सभी हितग्राही अपने प्रारंभिक किश्त की राशि जमा कर चुके है। नोडल अधिकारी डी. के. वर्मा ने सभी को बताया कि शीध्रता से संपूर्ण राशि जमा कर दें, उन्हे मकान की चाबी सौंप दी जाएगी। यदि किसी को ऋण की आवश्यकता है, उसकी भी सुविधा है। सभी हितग्राहियों को प्रमुख रूप से प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद में मकान आबंटित किया गया।

## वार्ड 33 संतोषीपारा में सालभर से डामरीकरण का कार्य अधूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ जहां निर्माण किया, वहां भी उधड़ने लगी सड़क

भिलाई निगम के वार्ड क्रमांक 33 संतोषीपारा में सालभर से डामरीकरण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। हाल यह है कि जितनी दूरी तक बना है वह भी अब हल्की बारिश से उधड़ने लगी है। मानसून शुरू होने जा रहा है ऐसी स्थिति में यदि सड़क निर्माण जल्द पूरा नहीं करवाया गया तो लोगों को पूरे सीजनभर आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ेगी। इस दिक्कत की शिकायत यहां के पार्षद एन शैलेजा ने कलेक्टर से की है। पार्षद ने सड़क निर्माण अधूरा छोड़ कर जाने और गुणवत्ता को लेकर निगम आयुक्त से भी शिकायत कर चुकी है लेकिन न उन्हे जवाब मिला और न ही इसकी जांच करवाई गई। पार्षद ने कलेक्टर से जांच की मांग करते हुए समस्या के निराकरण करने की अपील की है। जिससे वार्डवासियों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

## पाठशाला बंद कर भाजपा सरकार खोल रही मधुशाला : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम



■ कैसे बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता, जब सेटअप ही रहेगा कमजोर

कांग्रेस सरकार के पूर्व गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक रहे ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के विष्णुदेव सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आने के बाद आपा खोकर शिक्षा विभाग को मानो प्रयोगशाला बना लिया है। जहां प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाकर शिक्षा विभाग को सुधारने का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूली विभाग के शालाओं और शिक्षकों का युक्तिकरण के कदम से पूरे प्रदेश भर में तकरीबन 4000 हजार सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे। वहां कार्यरत स्कूल के सफाई कर्मी और बरसात, ठंड व गर्मी में बच्चों को आग में तपकर दशको से मिड डे मिल बनाने वाले हजारों रसोइयो जो महज 2000 रुपये कई वर्ष से स्कूल में कार्य कर रहे रसोईया, सफाई कर्मी बेरोजगार हो जायेंगे, वहीं नियमो को देखकर लगता है, सरकारी स्कूल शिक्षा का मंदिर की गांरटी नहीं वरण सिर्फ भोजन की गांरटी बन कर रह जायेगा। कैसे बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता, जब सेटअप ही रहेगा कमजोर, हजारो डिग्रीधारी युवा वर्ग बेरोजगार हो जायेंगे, वहीं विडम्बना है कि मातृशक्ति को सम्मान देने महतारी वंदन में एक हजार देकर वाहवाही बटोर रही सरकार, नये सत्र से 67 नई शराब दुकान खोलने से युवओं में शराब पीने का क्रेज बढ़ते जा रहा है, शराब लोगों को आसानी से हाथों हाथ मिल रही है। प्रदेश में कानून व्ययवस्था बिगड़ते जा रहा है, अपराध लूट, डैकेती, हत्या, चोरी, लुटपाट सहित अपराध का गढ़ छत्तीसगढ़ बन रहा है। वहीं प्रदेश सरकार सुशासन राज का डिंडोरा पीट रहा है, जनता सरकार के मनमानी रवैये का समय पर जबाव जरुर देगी। ग्रामीणों द्वारा लगातार पेयजल, कानून व्यवस्था, भारतमाला परियोजना, मनरेगा का सुचारु रुप से कार्य नही होना, बिजली कटौती, अवैध खनन जैसे कई समस्याएं हैं।

## कृषि विज्ञान केन्द्र के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा एनपीएस का लाभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

■ समस्याओं को संज्ञान में लाने कुलपति डॉ. गिरीश को सौंपा ज्ञापन

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित पाटन के कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए बुधवार को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल से मुलाकात की। कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख 6 सूत्रीय समस्याओं को कुलपति के समक्ष रखा जिसमें जीपीएफ, एनपीएस का लाभ न मिलना, मेडिकल तथा अन्य वैधानिक भत्तों को रोकना, कैरियर उन्नयन योजना, उच्च वेतनमान का बंद किया जाना, सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष के स्थान पर 60 वर्ष किया जाना, सेवानिवृत्ति उपरांत ग्रेच्युटी, पेंशन एवं अन्य सुविधाओं से वंचित किया जाना आदि प्रमुख है। कुलपति डॉ. चंदेल से भेंट के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जिसके उपरान्त कुलपति डॉ. चंदेल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली को इस सबंध में पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आश्वासन दिलाया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त उचित दिशा निर्देशों के उपरान्त जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। कुलपति द्वारा प्राप्त सकारात्मक आश्वासन से कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता जाहिर की और अपनी 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

## म्यूल खातों से सायबर ठगी, दो गिरफ्तार

**भिलाई**। म्यूल खातों से सायबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2),317(4),318(4),61(2)ए बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बंधन बैंक शाखा स्मृति नगर भिलाई के 13 बैंक खाता धारकों के खिलाफ विवेचना की जा रही है। विवेचना में पुलिस ने कोहका राजीव नगर निवासी उपेन्द्र गुप्ता के बैंक खाते का उपयोग करने वाले आरोपी 163 लक्ष्मी नगर वी.एन. पब्लिक स्कुल के पास सुपेला निवासी जितेन्द्र कुमार साहू ठगी की रकम के लेनदेन में होना पाया गया है।दोनो आरोपियों से पूछताछ कर बयान में संलिप्ता में साक्ष्य पाये जाने पर उपेन्द्र गुप्ता व जितेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तारी किया गया। कार्रवाई आईजी राम गोपाल गर्ग के नेतृत्व में डीएसपी शिल्पा साहू ,निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम समेत उनकी टीम द्वारा किया गया।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली सिंदूर यात्रा




**पाटन**। भारतीय सेना के शौर्य एवं साहस से सफल हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सेना के जवानों के सम्मान और उत्साहवर्धन तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इसी परिपेक्ष्य में बुधवार को नगर पंचायत पाटन के द्वारा माताओं , बहनों के सिंदूर की रक्षा, सम्मान के लिए सिंदूर यात्रा निकली गई। जिसमें नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नगर पंचायत सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा, इंजीनियर अर्जुन कुमार निर्मलकर, सभापति केवल देवांगन, पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद संगीता धुरंधर, रीना भाले, सुषमा देवांगन, सेजल भाले, दामिनी देवांगन, केशव बंछोर, अखिलेश मिश्रा, शरद वर्मा , चिरंजीव देवांगन नगर पंचायत पाटन के सभी कर्मचारी गण एवं पाटन नगरवासी उपस्थित थे ।

## कारोबारी पर प्राणघातक हमला, मुख्य आरोपी दीपक नेपाली फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ वैशालीनगर पुलिस ने की कार्रवाई

माह भर पहले अंबिकापुर जेल से छूटकर आए दीपक नेपाली ने शहर के एक कारोबारी पर प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि नेपाली आदतन अपराधी है। उसका नाम महादेव सट्टा में भी सामने आ चुका है। घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस ने उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया 18 नंबर सड़क कैंप निवासी प्रदीप चौबे की पत्नी स्नेहा चौबे ने बुधवार देर रात वैशाली नगर पुलिस में दीपक नेपाली, शुभम यादव, उसके चाचा राम प्यारे यादव, राजा के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। जांच शुरू करते ही शुभम यादव पुलिस गिरफ्त में आ गया। फिलहाल अन्य तीन आरोपी फरार हैं। शिकायत पर पुलिस ने बताया कि कारोबारी प्रदीप चौबे बुधवार रात 10 बजे अपने घर गया और खाना खाकर सोने चला गया। रात 10.30 बजे प्रदीप के मोबाइल पर शुभम यादव का कॉल आया। शुभम ने उसे बाहर बुलाने पर प्रदीप बाहर निकल गया। वो जैसे ही बाहर निकला बदमाश कैंप 1 का बदमाश दीपक नेपाली, शुभम, राजा, राम प्यारे ने मिलकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। प्रदीप ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। प्राणघातक हमला कर दिया। घटना में प्रदीप की दीपक ने गला भी दबाया। उसके सिर को दीवार पटक भी दिया। पति के ऊपर हुए हमले को देख स्नेहा चौबे आई उन लोगों ने युवकों को धक्का दिया लेकिन उसे ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। फिर स्नेहा ने डायल 112 में कॉल कर घटना की सूचना दी। दीपक नेपाली का नाम महादेव सट्टे में भी आ चुका है। छावनी पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई किया था।

### कमीशन के लिए वसूली करने पहुंचा था बदमाश

पुलिस की मानें तो प्रदीप चौबे प्रॉपर्टी का कारोबारी है। शुभम के चाचा राम प्यारे यादव ने एक मकान का उससे सौदा कराया था। सौदे में प्रदीप ने पार्टी से 12 लाख रुपए लिया। ढाई लाख रुपए लेना बाकी था। राम प्यारे उससे अपना 50 हजार रुपए कमीशन मांग रहा था। तब प्रदीप ने बोला कि ढाई लाख रुपए जो बचा है, वो रकम आने पर उसका कमीशन देगा। इसके बाद वो दीपक नेपाली को लेकर वसूली करने उसके घर पहुंच गया। बदमाश दीपक नेपाली जडेल से छूटने के बाद लगातार अपराध को अंजाम दे रहा है। पुलिस इसके खिलाफ आने वाले दिनों बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। दीपक नेपाली के खिलाफ अवैध वसूली, हत्या का प्रयास, मारपीट जैसे कई अलग-अलग मामले दर्ज हैं। हत्या के प्रयास के मामले में वो काफी दिन तक जेल में रहा और कुछ दिन पहले ही अंबिकापुर जेल से छूटकर बाहर आया है।

## 'हरिभूमि' की खबर से बदली तस्वीर ट्रांसफार्मर बदला, गांव को पानी मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाटाबोड़



गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद के वार्ड क्रमांक 8, 9 और 10 के रहवासी बीते एक सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे थे। गांव के सरकारी मोटर पंप का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से जल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। इससे मजबूरन ग्रामीणों को सुबह-सवेरे पास ही के निवासी फूलसिंह सेन के घर से पानी लाना पड़ रहा था। रात के समय पानी की व्यवस्था करना और भी कठिन हो गया था।

ग्रामीण मुंशीराम साहू, खोरबाहरा यादव, पन्ना लाल साहू, ढाल सिंह गौतम, प्रीतम साहू, नर्सिंग साहू, लखन साहू, रत्तीराम साहू, राकेश साहू और अन्य पंचों ने बिजली विभाग को कई बार अवगत कराया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इस समस्या को लेकर 'हरिभूमि' समाचार पत्र ने 23 मई को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। खबर के प्रकाशन के तुरंत बाद विभाग हरकत में आया और अगले ही दिन शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर सरकारी मोटर पंप को चालू कर दिया गया। इस कार्य के पूरा होते ही तीनों वार्डों में जल आपूर्ति बहाल हो गई और नागरिकों को बड़ी राहत मिली। ग्रामीणों ने 'हरिभूमि' का आभार जताते हुए कहा कि मीडिया की सजगता और प्रभाव से ही प्रशासन नींद से जागा और समय रहते समस्या का समाधान हो सका।

### पीएम श्री सेजेस विद्यालय कुम्हारी में समर कैम्प का समापन

# विद्यार्थियों को शिविर में सिखाया टॉय बनाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी



पीएम श्री सेजेस विद्यालय कुम्हारी में सात दिनों से चल रहे समर कैम्प का गुरुवार को समापन हुआ। इन सात दिनों के शिविर में बच्चों ने ब्यूटी पार्लर कोर्स एवं मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीखी जिसमें ब्यूटी पार्लर के लिए लक्ष्मी जंघेल एवं मिट्टी कला के लिए वेदराम चक्रधारी ने मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाया। साथ ही ड्राइंग, पेंटिंग एवं मशरूम कल्टीवेशन गतिविधियों को भी रखा गया। मशरूम कल्टीवेशन के लिए अर्पण डे अस्सिटेंट प्रोफेसर माइक्रोबायोलॉजी विभाग रुंगटा कॉलेज से प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। ड्राइंग एवं पेंटिंग क्रियाकलाप के लिए नमिता डायरेक्टर ऑफ़ स्मार्ट किड्स एवं फाइन आर्ट एकेडमी पदुम नगर से उपस्थित रही। उन्होंने बच्चों को मंडला आर्ट एवं डोकरा आर्ट की जानकारी दी इसमें लगभग 80 बच्चे शामिल हुए।

शिविर में स्पोकन इंग्लिश एवं टॉय मेकिंग गतिविधियों को भी स्थान दिया गया इसके लिए आयु अरशद आयोग द्वारा स्पोकन इंग्लिश सपोर्ट बच्चों को कराया गया जिसमें लगभग 100 बच्चों ने हिस्सा लिया। टॉय मेकिंग कला को विद्यालय की ही शिक्षिका ऋतु राव एवं रेवाती मारकंडे द्वारा गुड़िया, चिड़िया एवं भालू आदि को अपने घरेलू वस्तुओं की सहायता से बच्चों को बनाना सिखाया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के आभूषणों का निर्माण एवं कैंडल मेकिंग रितु दुबे द्वारा सिखाया गया। विद्यालय की भूतपूर्व छात्र सत्य यादव द्वारा साबुन बनाना सिखाया गया जिसमें लगभग 100 बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की शादियों में उपयोग होने वाले ज्वेलरी बनाना सीखे एवं हर्बल रूप से साबुन कैसे घर में बनाया जा सकता है यह कंप्यूटर के विभिन्न गतिविधियों के बच्चों को सिखाया गया जिसमें वीडियो एवं पोस्टर मेकिंग बनाना सिखाया गया। अंत में के साहू द्वारा जीवन कौशल विकास के बारे में बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। कौशल क्या है और जीवन कौशल क्या है इसके बारे में बच्चों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक 22 मई को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सराहना विद्यालय के प्राचार्य लता रघु कुमार द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन जीपी सिंह, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक शीतल नय्यर एवं सुजीता सीआर शिक्षिका द्वारा किया गया। सप्ताह भर चले इस ग्रीष्मकालीन समय कैम्प में बच्चों ने कई जीवनोपयोगी कलाएं सीखी।

पेज 9 के शेष...

### राज्य सरकार...

के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर समयबद्ध तरीके से उनका समुचित निराकरण करने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में हम सभी को इस सुशासन तिहार का दूरगामी असर देखने को मिलेगा। समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान सांकरा क कलस्टर के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विभाग को 3853, खाद्य विभाग को 647, समाज कल्याण विभाग को 257, राजस्व विभाग को 308, महिला एवं बाल विकास विभाग को 246, विद्युत विभाग को 85, श्रम विभाग को 134 के अलावा अन्य विभागों सहित कुल 5844 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार आज नगर पालिका दल्लीराजहरा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग को 132, राजस्व विभाग को 72, विद्युत विभाग को 38 सहित कुल 1668 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

### मुख्यमंत्री साय के

पवार, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। कार्यशाला में सांसद नाग ने बताया कि जैसे–जैसे संपत्तियों की कीमत बढ़ी है, वैसे–वैसे आर्थिक परेशानियां भी बढ़ी हैं। ब्रिटिश कालीन पंजीयन अधिनियम 1908 तथा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के पुराने नियम आज भी चल रहे हैं, जिससे अनेक प्रकार की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आती हैं। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इसे आधुनिकी—त, सरली—त और पारदशएँ बनाने की दिशा में पहल की है जो वास्तव में प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत देगी। इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, गणमान्य नागरिक चेमन देशमुख ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के इस नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सरकार निरंतर अच्छे फैसले ले रही है। पंजीयन के कार्य में इन 10 प्रकार की सुविधाओं से सरलीकरण और पारदर्शिता आई है।

# संयुक्त कलेक्टर का पसीजा दिल, 119 को बीएलओ बताकर रोकने डीईओ को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेशभर के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस बीच दुर्ग के संयुक्त कलेक्टर का दील पसीज गया हैं। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को एक पत्र लिखकर करीब 119 शिक्षको की ड्यूटी बीएलओ में होने का हवाला देकर उन्हें युक्तियुक्तरण में शामिल नही किए जाने की न सिर्फ हिमाकत कर दी, बल्कि उन्होने पत्र में यह भी कहा है कि, इन्हें अतिशेष की श्रेणी में न रखा जाए। इस पत्र के सामने आने के बाद कई शिक्षक संयुक्त कलेक्टर को युक्तियुक्तकरण का तोड निकालने की बात कह रह हैं।

संयुक्त कलेक्टर का यह पत्र प्रदेशभर में वाइरल हो गया है, जिससे युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षक इसे संजीवनी मान रहे हैं। विगत बीस मई को ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग मुख्यालय पहुंचे थे। जहां उन्होने कहा था कि पहले की सरकार द्वारा मनमानी ट्रांसफर किए जाने के कारण स्कूल में शिक्षको की कमी हो गई है। जिसे लेकर उन्होने समायोजन किए जाना आवश्यक बताया था। लेकिन इस बीच दुर्ग की संयुक्त कलेक्टर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वैशालीनगर लता उर्वशा ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा को पत्र लिखा है। संयुक्त कलेक्टर ने पत्र में इसके लिए हवाला दिया है कि, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर का पत्र तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग का पत्र के निर्देशानुसार विधानसभा अंतर्गत समस्त मतदान केन्द्रों में बीएलओ की उपलब्धता की जांच नियमित रूप से करते हुए बीएलओ का कोई भी पद रिक्त न रहे एवं सभी बीएलओ के संक्षिप्त पुनरीक्षण, मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की गुणवत्ता का नियमित रूप से अवलोकन करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होने कहा हैं कि, वर्तमान में मतदाता सूची से डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने का कार्य जारी है, इसलिए आवश्यक है कि, बीएलओ सक्रिय रूप से एप में लागिन करे और ईआरओ नेट में कार्य करे।

## जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी 119 बीएलओ (शिक्षक) की सूची

### चल रहा प्रशिक्षण का दौर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर का पत्र 14 मई 2025 के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण की घोषणा होने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य से प्रति विधानसभा बीएलओ को निर्वाचन प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया है एवं पत्र क्रमांक 1664 व 15 मई 2025 के द्वारा ईआरओ लॉगिन का उपयोग कर सभी बूथ लेवल अधिकारियों के डिजाइनेशन को अद्यतन अतिशीघ्र किया जाना है। आयोग द्वारा उक्त सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से दैनिक मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति की समीक्षा की जा रही है।




### निरस्त हो गया

संयुक्त कलेक्टर द्वारा जारी आदेश निरस्त हो गया है। ऐसा किसी भी तरह का पत्र अभी संज्ञान में नही हैं।
**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

### कहा -निर्वाचन कार्य होंगे प्रभावित

मतदान केन्द्रों के मतदाता सूची की सम्पूर्ण जिम्मेदारी बीएलओ की होती है। बीएलओ नियुक्त शिक्षक कर्मचारियों के द्वारा अध्यापन व्यवस्था के साथ-साथ अपने कार्यालय संस्था से समन्वय बनाते हुए निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण किया जाता है। ऐसी स्थिति में बीएलओ शिक्षकों का अध्यापन व्यवस्था के तहत अतिशेष मानते हुए उन्हें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में शामिल करते हुए उनका अन्यत्र स्थानांतरण किया जाता है तो निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होगा।

## खबर संक्षेप

### गौठान के गोबर पेंट हाउस से 12 पंखे हुए चोरी

**बालोद।** गोंबर से पेंट निर्माण कार्य स्थल पर लगे 12 पंखो पर चोरो ने हाथ साफ कर दिया और उक्त भवन व पेंट निर्माण स्थल पर लगे पंखे को चोरी कर ले गए। जिसके बाद स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा ग्राम पंचायत को जानकारी दी गई जिसके बाद सरपंच द्वारा अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज की गई।

ग्राम खपराभाट के गौठान के गोबर पेंट हाउस से अज्ञात चोर ने 12 पंखे की चोरी कर ली। इस मामले मे सरपंच की रिपोर्ट पर देवरी थाने मे अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सरपंच रेमन लाल कुल्हारे ने जानकारी दी है कि स्वच्छता वाहिनी मे काम करने वाली रेनी बाई, सोम बाई, अनिता बाई पंचायत मे आकर बताई की गौठान के गोबर पें हाउस का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला है। जिसके बाद चपरासी छन्नू लाल भुआर्य के साथ पेंट हाउस पहुचे वहां 12 पंखे गायब थे।

### ढाबा में भोजन कर नहीं चुकाया बिल, संचालक से की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** देर रात ढाबा मे खाना खाने के बाद बिना पैसा दिये जा रहे व्यक्तियो को ढाबा मालिक द्वारा खाने का पैसा मांगने पर खाना खाने वाले व्यक्तियो ने ढ़ाबा मालिक से मारपीट कर दी जिसके बाद ढाबा मालिक ने मारपीट करने वाले लोगो के खिलाफ रिपार्ट दर्ज कराई है। राजहरा से 3 किलोमीटर दूर खम्हारटोला मानपुर चौक के पास स्थित ढाबा मे खाना खाने के बाद पैसा न देकर संचालक से मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले मे राजहरा थाने मे 5 लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 119(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार अब्दुल युसुफ ने जानकारी दी है कि 20 मई को रात 11:30 बजे ढाबा मे बाईक से शंकर, पोकू, कउंआ, कोंदुल एवं टिकेश पहुंचे। जिसके बाद खाना खाकर पैसा नही दिया। जब पैसा मांगा तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हमला किया और मारपीट की।

### पीएम आवास की राशि को लेकर बेटे ने की परिजनों से मारपीट

**बालोद।** देर रात घर पहुंचकर बेटे ने पिता के नाम पर आए प्रधानमंत्री आवास योजना के पैसे की मांग की, जिस पर परिवार वालो ने पैसे देने से मना किया तो उक्त बेटे ने अपने ही माता पिता व बहन से मारपीट कर दी। ग्राम सीबी नवागांव मे पीएम आवास के लिए स्वीकृत पैस न देने पर सूरज ने अपने माता पिता व बहन की पिटाई कर दी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुशीला बाई ने जानकारी दी है कि पिता सुरेन्द्र कुमार के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राशि स्वीकृत हुई थी। स्वीकृत राशि से मकान बनाए है। बड़ा भाई सूरज 20 मई की रात्रि मे आया और पिका के नाम पर स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना की आधी रकम देने दबाव बनाकर विवाद करने लगा। पैसे नही देने पर युवक ने तीनो को हाथ मुक्का व डंडे से मारपीट की। इस मामले मे देवरी थाने मे सूरज के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जवाब-तलब : केसीसी से निकाला कर्ज और खर्च बताकर करोड़ों की बंदरबाट

# नवागढ़ और नेवसा समिति में एक करोड़ 88 लाख का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

किसानों की जानकारी बगैर ऋण खाते से करोडों रूपए निकालकर बडे घोटाले को अंजाम दिया गया है। नवागढ सौ नेवसा समिति के प्रबंधक ने इसके आड में एक करोड 88 लाख रूपए से अधिक की राशि का वारा-न्यारा कर राज्य शासन के खजाने को करोडों रूपए का नुकसान पहुंचाया है। इस मामले के खुलासे के बाद सीईओ ने प्रबंधको को आरोप पत्र भी जारी कर दिया है।

जानकारी अनुसार शाखा नवागढ़ एवं नेवसा समिति के प्रभार के दौरान समिति प्रबंधक नरेन्द्र ठाकुर द्वारा नवागढ़ समिति में अवैधानिक रुप से बैंकिंग नियमों के विरुद्ध समिति के केसीसी ऋण खाते में कृषकों के बिना ही ऋण वितरण बताकर राशि सेविंग खाता में जमा किया। जिसके बाद धान उपार्जन के नाम पर इसी राशि को संदेहास्पद बिलों का भुगतान करना बताकर करोडों रूपए घटक लिया गया। जांच में पाया गया कि, फर्जी भुगतान बताकर इनके द्वारा एक करोड 88 लाख से अधिक की गडबडी की गई हैं।

इस मामले के सामने आने के बाद प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया था। जिसमें प्रबंधको ने गडबडी होना भी स्वीकार किया था। लेकिन कार्यवाही नही हुई थी। वर्तमान में सीईओ एसके जोशी के यहां आने के बाद उन्होने जांच शुरू कर दी है। उन्होने प्रबंधको को आरोप पत्र जारी किया हैं। प्रबंधक ने नवागढ़ में प्रभार के दौरान 30 जनवरी 2021 को समिति के संचालक मण्डल की बैठक आहुत कर धान खरीदी में अत्यधिक राशि खर्च होना बताकर बिलों की भुगतान करने 60 लाख रुपये का केसीसी ऋण बैंक से लेने बताया गया। इस राशि को ऋण खाते में जमा करने के बजाय सेविंग खाते में जमा किया गया।

## जांच में मिली पौने दो करोड़ से अधिक की गड़बड़ी, रिकवरी की तैयारी




### ब्याज वसूली की तैयारी

इस तरह समिति नवागढ़ में प्रथम दृष्टया प्रारंभिक जांच रिपोर्ट अनुसार 1 करोड 52 लाख बत्तीस हजार इकहत्तर रु. तथा समिति नेवा में एक करोड अठयासी लाख अठत्तर हजार दो सौ आठ रूपये नियम विपरीत ढंग से जमा किया गया है। जांच में पाया गया कि, नवागढ़ और नेवसा को गंभीर आर्थिक नुकसान हुआ, जिसमें ब्याज वसूली प्रबंधक से वसूली की तैयारी है।

### किसानों को जानकारी ही नहीं दी

दूसरी बार प्रबंधक द्वारा अवैधानिक तरीके से संचालक मण्डल की 31 अप्रैल 2021 को बैठक बुलाकर राशि 40 लाख रूपए का केसीसी ऋण बिना कृषकों के स्वीकृत कराया गया एवं सेविंग सभा में जमा कर सेविंग आहरण के माध्यम से धान खरीदी व्यय बिलों का भुगतान किया गया, जांच में यह संदेहास्पद एवं बैंकिंग नियमों के विपरित पाया गया। यही नही तीसरी बार पुनः संचालक मण्डल की बैठक बुलाकर 30 नवंबर 2021 के प्रस्ताव में 20 लाख रुपये कृषकों के बिना केसीसी ऋण स्वीकृत कराया एवं सेविंग सभा के माध्यम से समायोजन कराकर धान खरीदी व्यय बिलों का फिर से भुगतान करना बताया गया। इस प्रकार तीन बार एक करोड़ बीस लाख रुपये का फर्जी तरीके से केसीसी ऋण स्वीकृत कराकर सेविंग सभा में समायोजन पश्चात सेविंग से राशि आहरण कर संदेहास्पद बिलो का भुगतान किया गया।

### नेवसा समिति में इसी तरह रचा षडयंत्र

प्रबंधक नरेन्द्र ठाकुर ने नवागढ के आलावा समिति नेवसा के प्रभार के दौरान 22 जुलाई 2021 को संचालक मण्डल की बैठक बुलाकर दस लाख रुपये अवैधानिक तरीके से केसीसी ऋण बैंक से लेकर धान खरीदी में हुए बिलों का भुगतान बताया गया। इसी प्रकार 16 दिसंबर 2021 को बैठक में बीस लाख खरीदी में खर्च बताकर निकाला गया। उस समय प्रबंधक नरेन्द्र ठाकुर समिति नेवसा के प्राधिकृत अधिकारी थे एवं प्रभारी पर्यवेक्षक नवागढ़ परिक्षेत्र के पद पर भी थे। इस तरह समिति नेवसा में कुल तीस लाख रुपए का फर्जी तरीके से केसीसी ऋण लेकर सेविंग में जमा कर संदेहास्पद बिलो का भुगतान बताया, जिस जांच में घोर आपत्ति जनक एवं बैंकिंग नियमों के विपरीत पाया गया। इस तरह ऋण खातों में जमा न कर सेविंग खाते में राशि जमा करने से बैंक डूबत की ओर चला गया है।

**आरोप पत्र जारी**

प्रबंधक का यह कृत्य गंभीर दुराचरण की श्रेणी में आता है तथा बैंकिंग नियम के विरुद्ध है। बैंक कर्मचारी सेवा नियम 56-एक (7) (14) (17) के अंतर्गत दण्डनीय है। उन्हें जांच के बाद आरोप पत्र जारी कर दिया गया हैं, जवाब मिलने पर कडी कार्यवाही की जाएगी। **-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी बैंक दुर्ग

# कमिश्नर के बजाय द्वितीय अपील एडीएम कोर्ट में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खेती की जमीन की ओर जाने वाले आम रास्ते पर कब्जा किए जाने के मामले में द्वितीय अपील संभागायुक्त के कोर्ट में किया जाना था। नायब तसीलदार के फैसले के विरूध्द उत्तरदावादी प्रथम अपील

■ सूचना के अधिकार के तहत मांगनी पड़ी जानकारी

अनुविभागीय अधिकारी कोर्ट में लगाया गया, वही द्वितीय अपील संभागायुक्त कोर्ट में लगाया जाना था। लेकिन उत्तरवादी द्वारा लगाए गए अपील को तत्कालीन एडीएम अरविंद ने अपनी कोर्ट में दर्ज कर लिया गया।

इस मामले में दूसरे पक्ष ने प्रधानमंत्री से शिकायत कर दी थी। केन्द्र से राज्य शासन को जांच के निर्देश दिए जाने के बाद मामला प्रकाश में आया और संभागयुक्त द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र भी लिखा गया था। लेकिन कार्यवाही नही हुई है। इस मामले में आशीष अशोक ताम्रकार ने पीएम को पत्र लिखकर एडीएम को बर्खास्त करने मांग की हैं। शिकायतकर्ता आशीष अशोक ताम्रकार ने बताया कि, उन्होने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्राप्त हुई। इस मामले को एडीएम कोर्ट में लटकाकर रखा गया था।

उन्होने बताया कि, बोडेगांव ग्राम ननकट्टी में खेती जमीन है। खेती जमीन तक पहुंचने आम रास्ता था, इस आबादी जमीन को शत्रुघन साहू द्वारा स्वामित्व की जगह बताकर कब्जा किया गया हैं। कब्जे के कारण किसानों को अपने खेतों तक आने जाने रास्ता नही मिल पा रहा हैं। जिसकी शिकायत उन्होने जिला प्रशासन से की थी। लेकिन कार्यवाही नही होने पर उन्होने पीएम और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था।

### संभागायुक्त ने निरस्त किया प्रकरण

एडीएम द्वारा 9 मई 2023 क्षेत्राधिकारिता विहीन फैसला किया गया है अर्थात शिकायतकर्ता के द्वारा कृत शिकायत निराधार नहीं है। क्योकि न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में शिकायतकर्ता के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई थी तथा अपीलार्थी आषीश ताम्रकार आ. अशोक ताम्रकार का अपील ग्राह्य कर न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग के राजस्व अपील प्रकरण क्र. 642 अ-68 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश 27 जून 2024 में श्विवेचना के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय अपर कलेक्टर, दुर्ग द्वारा पारित आदेश 9 मई 2023 क्षेत्राधिकार विहीन होने से निरस्त किया जाता है।

### वार्ड 35 में चला विशेष सफाई अभियान

**दुर्ग।** बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 35 शिवनाथ नदी गंजपारा चौक से महमरा नदी मार्ग नया पारा में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कमिश्नर ने अन्य चौराहों का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# एक देश एक चुनाव के लिए विधायक ने मांगा अधिवक्ता संघ से समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायालय के कांफ्रेंस हाल में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें संघ की ओर से बड़ी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर विधायक रिकेश सेन सदैव मुखर रहे है। भविष्य में भी वह संघ को इसी तरह सहयोग प्रदान करते रहेंगे। विधायक श्री सेन ने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा जो विषय मेरे संज्ञान में लाया जाएगा मै उसे पूरा करने का भरसक प्रयास करूंगा। अपने उद्बोधन में उन्होंने संघ के अधिवक्ताओ के लिए कम कीमत पर आवासीय प्लाट उपलब्ध कराने, अधिवक्ताओ के बीमार होने की दशा में आरोग्यम हॉस्पिटल में डेढ़ लाख तक के इलाज में 60 प्रतिशत की छूट दिलाने,बार रूम नंबर 4 के निर्माण कार्य के लिए शासन में रुकी हुई ढ़ाई करोड़ रुपए की राशि को 2 माह के भीतर वापस लाने आश्वस्त किया तथा संघ की मांग पर साउंड सिस्टम देने की घोषणा की है। उन्होंने



भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन एक राष्ट्र- एक चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा, जिसे अधिवक्ताओं ने हाथ उठाकर अपना समर्थन प्रदान किया ।

कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव रविशंकर सिंह आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने किया कार्यक्रम में संघ की महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू,सह सचिव राकेश कुमार यादव, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव सदस्यगण रविश राजपूत,पंडित अजय मिश्रा, अजय शर्मा, विक्रम पारख,नितेश साहू, दमयंती चंद्राकर, मीडिया प्रभारी दानिश परवेज, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कसार,सुनीता चोपड़ा,ललित आडील,इमाम खान,ललित तिवारी,गुलाब पटेल, कौशल किशोर सिंह, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

# पत्नी की हत्या पर आजीवन कारावास, नाचने के विवाद में आठ को उम्रकैद की कोर्ट ने सुनाई सजा

### पत्निहंता को आजीवन कारावास

**दुर्ग।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने दोष सिद्ध होने के बाद पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड दिया है। अभियोजन के अनुसार 27 जुलाई 2003 को रात एक से दो बजे के बीच भागवत चौक लेबर कैंप जामुल के मकान में आरोपी देवकुमार उर्फ देवा पिता स्व. गोवर्धनलाल साहू 44 वर्ष ने अपनी पत्नी चमेली बाई के सिर पर लोटे से वार कर हत्या कर दी थी। जामुल पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत आरोपी पति देवकुमार उर्फ देवा को गिरफ्तार कर दुर्ग कोर्ट में विचारण के लिए मामले को प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार आरोपी देवकुमार अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी वजह से स्टील के लोटे से घटना दिनांक को वार कर पत्नी चमेली बाई को लहूलुहान कर दिया था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध पाते हुए पत्निहंता देवकुमार उर्फ देवा को आजीवन कारावास व 1000 रुपए अर्थदंड का निर्णय पारित किया है। अर्थदंड नहीं पटाने पर 6 माह का कारावास आरोपी को भोगना होगा। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक



### घराती-बाराती में हुई थी मारपीट

**दुर्ग।** अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश पीएस मरकाम ने हत्या के एक मामले में दोष सिद्ध पाए जाने के बाद युवक की हत्या के आठ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विवाद बारात में डांस करने और गुलाल फेंकने को लेकर हुआ था। विवाद के दौरान बाराती बस में जमकर तोड़फोड़ भी हुई थी। मामला जेवरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत बाजार चौक पांडे मोहल्ला सिरसाखुर्द का है। घटना 7 जुलाई 2021 को रात 9.30 बजे की है। वकील सूरज शर्मा ने बताया कि थाने में प्रार्थी आकाश यदु और आयुष यादव ने शिकायत की थी। दोनों पक्षों में विवाद के बाद जमकर लाठी डंडे चले थे। इसमें हेमचंद उर्फ हर्ष यादव की मौत हो गई थी। उसके सीने पर धारदार हथियार से वार किया गया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 147, 302, 149, 323 और 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सुनवाई के बाद आरोपी सूरज यादव, संजय यादव, रुपेश यादव, हितेश पांडे, उमेश यादव, घनश्याम कुंभकार, कुलदीप और ओंकार कुम्हार को कोर्ट ने दोषी पाया। सभी आरोपी पुलगांव थाना अंतर्गत सिरसाखुर्द, जेवरा सिरसा के रहने वाले हैं। सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही सभी आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया है। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश यादव ने की।

## कई कार्य और सेवाएं आउटसोर्स पर, यूनियनें खोलेंगी मोर्चा

# एफएसएनएल के बाद बीएसपी में भी निजीकरण का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भिलाई इस्पात संयंत्र के किस्तों में हो रहे निजीकरण का खामियाजा नियमित कर्मचारियों और ठेका मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है।

■ नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूरों पर बढ़ा वर्कलोड

पिछले दो दशकों के दौरान बीएसपी के कई अनुभाग व काम आउटसोर्स पर चल रहे हैं। इसका यूनियनों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। देशव्यापी औद्योगिक विरोध प्रदर्शन के बाद यूनियनों द्वारा अब सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ के खिलाफ जुलाई में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की गई है।



उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की विनिवेशीकरण की नीति के चलते सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण का यूनियनों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है एफएसएनएल के बाद बीएसपी में बढ़ती आउटसोर्सिंग से अब कर्मचारियों को सेल के इस सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम के निजीकरण का अंदेशा सता रहा है। यूनियनों के मुताबिक पिछले दो ढाई दशकों के दौरान बीएससपी में कई विभागों की सेवाओं व कार्यों को निजी कंपनियों को ठेके पर दिया जा चुका है। सफाई कार्य प्लांट के अंदर कई यूनिटो में मेंटेनेंस और आवासों में मीटर रीडिंग का काम निजी कंपनियां कर रही हैं।

सेक्टर नौ हास्पिटल में क्लीनिंग, हेल्प डेस्क, वार्ड ब्वाय और कई विशेषज्ञ चिकित्सक भी आउट सोर्स पर हैं। मैत्रीबाग के भी कई कार्य निजी कंपनी देख रही हैं। बीएसपी के अंदर आउटसोर्स कंपनियों के बीस हजार कर्मी काम कर रहे हैं। इसके चलते नियमित कर्मियों व श्रमिकों पर वर्कलोड के साथ आगे बीएसपी पर निजीकरण का शिकंजा कसने का यूनियनों के अंदेशा सता रहा है।

### यूनियनें कर्मियों को कर रहीं एकजुट

बीएसपी में आउटसोर्सिंग बढ़ने यानी निजीकरण का शिकंजा कसे जाने का श्रमिक संगठनों द्वारा भरसक विरोध किया जा रहा है। केंद्रीय यूनियनों द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोके जाने की मांग के खिलाफ कई बार देशव्यापी आंदोलन किया जा चुका है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी बताते हैं कि सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण से श्रमिकों के हितों पर हितों पर कुठाराघात हो रहा है। इसके विरोध में बीस मई के सफल देशव्यापी औद्योगिक विरोध प्रदर्शन के बाद अब जुलाई में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि सार्वजनिक उपक्रम लाखों कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है। निजीकरण से देश व कर्मियों को नही सिर्फ मालिका को लाभ होगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बालोद**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ब 121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम परसाही तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका हेमलता पिता टीकम राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम परसाही तहसील व जिला बालोद ने आवेदन प्रस्तुत किया है, कि आवेदिका का जन्म दिनांक 22.07.1971 को ग्राम परसाही तहसील बालोद में जन्म हुआ है। आवेदिका भूलवश नियमो की जानकारी के अभाव में जन्म प्रमाण पत्र नही बनवा पाई है। आवेदिका अपने स्वयं की जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 05.06.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार बालोद**

## खबर संक्षेप




### राजनांदगांव में राज्य स्तरीय पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन 25 मई को

**बालोद।** अमर हुतात्मा राजीव दीक्षित भाई के स्वप्न गौ माता से निरोगी भारत को साकार करने को संकल्पित विद्यापीठंम गुरुकुलम कांचीपुरम के पीठाधीश डॉ निरंजन वर्मा के मुख्य वक्ता के रूप में 25 मई को पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में छग राज्य स्तरीय पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमे जिले से भी बड़ी संख्या मे गौ भक्त पहुंचेगे। कार्यक्रम का संचालन बालोद जिले के नाड़ी वैद्य पुरूशोत्तम राजपूत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर राजनांदगांव मधुसूदन यादव होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छ ग शासन बिसेसर पटेल करेंगे। विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कोमल सिंह राजपूत, समाज सेवी सतीश चंदेले, वार्ड पार्षद ख़ेमिन राजेश यादव होंगे। इस कार्यक्रम पूज्य गुरुजी द्वारा पंचगव्य चिकित्सा पद्धति द्वारा गाय माता द्वारा प्रदत्त गव्यों द्वारा चिकित्सा और आयुर्वेद की दिनचर्या अपना कर कैसे मनुष्य स्वास्थ्य की रक्षा हो सकती है और हम स्वास्थ्य षड्यंत्र के युग में प्राकृतिक जीवनचर्या से स्वास्थ्य को बचा सकते हैं विषय पर व्याख्यान प्रदान करेंगे। यह आयोजन जन सामान्य हेतु निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम का संचालन नाड़ी विशेषज्ञ गव्य सिद्ध डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत बालोद करेंगे। रात्रि में गव्य सिद्धगणों द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति भी होगी। जनसामान्य से इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति हेतु छग राज्य पंचगव्य चिकित्सा एसोसिएशन ने आगाह किया है। इस अवसर पर निःशुल्क नाड़ी विशेषज्ञ द्वारा नाड़ी परीक्षण उपरांत सहशूल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन है। उक्तशय की जानकारी किसलय पंचगव्य चिकित्सालय एवं किसलय होम्यो एवम आयुर्वेद एजेंसी संस्कार परिसर बालोद के संचालक गव्य सिद्ध डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत मानस मणि ने प्रदान की।

### अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर स्वच्छता दीदियों का हुआ सम्मान



**दल्लीराजहरा।** नगर पंचायत चिखलाकसा में 23 मई को देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई।इस अवसर पर नगर की स्वच्छता दीदियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सफाई अमले एवं नगर के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन आदर्शों और समाज सेवा की भावना को याद करते हुए स्वच्छता दीदियों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सेवा दे रहीं दीदियों को प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए, स्वच्छता और सेवा भाव को समाज का आधार बनाने का संकल्प लिया गया।

### निधन

#### घासीराम यादव

**जामगांव आर।** बोरवाय निवासी घासीराम यादव का मंगलवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे नेतराम यादव गेंदलाल यादव दूधनाथ यादव के पिता थे।

**पहल : योग को जन-जन तक पहुंचाने मार्गदर्शक मंडल गठित**

# योग हमारे लिए एक अद्भुत चिकित्सा : रमेश बैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

- पूर्व राज्यपाल रमेश बैस की उपस्थिति में हुई पहली बैठक

योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर निरोगी काया रखने की दिशा में प्रभावी जन जागरण अभियान चलाने के लिए छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने मार्गदर्शक मंडल योग प्रचार समिति का गठन किया। जिसकी प्रथम बैठक सर्किट हाऊस रायपुर में गुरुवार को पूर्व राज्यपाल रमेश बैंस के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। मार्गदर्शक मंडल में पूर्व राज्यपाल रमेश बैंस, सांसदो, विधायको, पूर्व आईएएस अधिकारी संत मनीषी सहित जामगांव आर, पाटन, रिसाली, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, कवर्धा, अंतागढ़, चिरमिरी, धमतरी, बागबाहरा, कोरबा, चांपा, सोनपैरी, अहिवारा, रिसाली, रायपुर, अभनपुर, पिथौरा, रतनपुर, बस्तर, मंडकूदीप, जगदलपुर, धरसीवा, देवभोग, जशपुर, नया रायपुर के समाजसेवियों शिक्षा विदो को शामिल करते हुए। 41 सदस्यों का मनोनयन किया गया। योग नियमावली बनाने के लिए आईएएस जीआर चुरेंद्र टैगोर नगर रायपुर, योग में पीएचडी डॉ सीएल सोनवानी खमतराई रायपुर और वरिष्ठ पत्रकार शिक्षा विद आसकरण जैन जामगांव आर इन तीन नामो की घोषणा सर्वसहमति से पूर्व राज्यपाल रमेश बैंस ने बैठक में की। रमेश बैंस ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल गठित कर योग को जनव्यापी बनाने सक्रिय हुआ। योग भारत की संस्कृति से जुड़ी हुई स्वयं के द्वारा स्वयं के लिए की जाने वाली अदभुत चिकित्सा है, इस चिकित्सा को प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्फूर्त अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब योग की महिमा का बखान करते हुए विदेश में प्रभावी बात रखी तो 145 देशों ने योग को आत्मसात कर लिया। जिसके तारतम्य में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा। हमारे देश की योग विधा को विदेशी तो आत्मसात कर स्वास्थ लाभ लेने लगे है, लेकिन हमारे भारत माता के संतान योग से निरोग रहने की कला को व्यापकता के साथ नहीं अपना पा रहे है, इससे मुक्ति पाने के लिए मार्गदर्शक मंडल सक्रिय भूमिका निभाए और भारतवासियों को पूर्णतः स्वास्थ्य लाभ लेने में योग की महती भूमिका का प्रभावी स्मरण कराने में गरिमामय पहल करे।



**योग को दिनचर्या का बनाएं अभिन्न अंग**

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि जो दायित्व मुझे सौंपा गया है, इसका भरपूर लाभ जन जन को दिलाने में मार्गदर्शक मंडल मुझे मार्गदर्शन करे, सब मिलकर योग से निरोग रहने की कला को जनव्यापी बनाए, जन जन को लाभ पहुंच सके। सब अपना ध्येय बनाए, उन्होंने कहा कि योग को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाए, जीवन में स्वास्थ्य का आमूल चूल परिवर्तन आना तय है। श्री सिन्हा ने कहा कि मार्गदर्शक मंडल में सभी विधाओं के अनुभवी लोगों को शामिल किया गया है, निश्चित ही योग का जनव्यापी वातावरण बनेगा और करो योग रहो निरोग, की अवधारणा आधारभूत ढंग से दिखने लगेगा।

**फंड समस्या हल करने मिलेंगे सीएम से**

वर्तमान में छत्तीसगढ़ योग आयोग के पास बहुत ज्यादा फंड नहीं होता, जिसके कारण जनव्यापी प्रचार प्रसार, प्रेरणा में रुकावट पैदा होती है, इस समस्या पर प्रथम मार्गदर्शक मंडल की बैठक में गहनता से चर्चा हुई और अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ योग आयोग को स्वास्थ विभाग से जोड़ कर संचालित किया जाए, जिससे अन्य राज्यों की तरह आयोग उन्मुक्त कार्य कर सके और आमजनता योग से भली भांति परिचित होकर अपने स्वास्थ के प्रति पूर्ण जागरूक हो सके। इस संबंध में सीएम विष्णु देव साय से भेंट कर वस्तु स्थिति अवगत कराने की योजना बनाई गई।

**मार्गदर्शक मंडल में प्रदेश भर से बनाए गए 41 सदस्य** - छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा द्वारा आमंत्रित मार्गदर्शक मंडल की प्रथम बैठक में सदस्य पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, पूर्व प्रांत चालक बिसराम यादव, विधायक इंद्रकुमार साहू, सीएम निज सहायक तुलसी कौशिक, सरस्वती शिक्षा संस्थान पूर्व प्रादेशिक सचिव जुड़वान सिंह ठाकुर, सच्चिदानंद उपासने, रिटायर्ड द्वय आईएएस अधिकारी जी आर चुरेंद्र एवं गणेश शंकर मिश्रा संत देवकर साहब, संत रामरूप दास, संत शंकर दास भागबली, चंद्रप्रकाश माण्डले, जस प्रणव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार शिक्षा विद आसकरण जैन, ज्योतिष कश्यप, प्रणव चक्रवतएँ, ललितेश, योगीराज साहू, राजकुमार पटेल, नीरज वर्मा, लखन वर्मा, हनी गंभीर, रतन चक्रधर, मछुआ कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष लखनलाल धीवर, विनोद देशमुख, छगनलाल सोनवानी, धीरज श्रीवास्तव, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा उपस्थित हुए विचार रखे।

**मार्गदर्शक मंडल की आगामी बैठक जशपुर में होगी-** छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने बैठक सभी को आगाह किए कि मार्गदर्शक मण्डल की आगामी बैठक जशपुर में आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथि की जानकारी आयोग द्वारा सभी सदस्यों को उपयुक्त समय पर प्रेषित की जाएगी। बैठक गुजरात मॉडल योग स्टूडियो नवाचार प्रतिस्पर्धा विविध सम्मान समारोह स्कूलों में अनिवार्य योग क्लब में योग, विकेंद्रीकृत व्यवस्था, स्लोगन जन जागरण युक्तियों जून में योग सप्ताह योग पत्रिका पर भी सदस्यों का विचार आए।

## आवारी में हुआ अंतरराज्यीय गोंडवाना महासभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

डौंडी ब्लॉक के आवारी में विगत दिनों गोड़वाना गोंड महासभा संभाग स्तरीय कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर बालोद जिले से डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए समाज को इसी तरह एकजुट रहने का आह्वान किया और समाज से संबंधित समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने और उनके उचित निराकरण करवाने का आश्वासन भी दिया। समाज ने स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया।

डौंडी ब्लॉक के ग्राम आवारी में अंतरराज्यीय गोंडवाना गोंड महासभा के तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। डौंडी ब्लॉक के ग्राम आवारी में संभाग इकाई मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र संयुक्त महासभा का कार्यक्रम हुआ। गोंडवाना समाज द्वारा हर 5 वर्ष बाद महासभा का आयोजन पूर्वजों के बनाए नियमों रीति रिवाज को मानते हुए किया जाता है ।



**ये रहे मौजूद**

लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के अलावा इस आयोजन में समाज से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों से अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें विकास मरकाम अध्यक्ष आदिवासी निगम मंडल, नम्रता सिंग जिला पंचायत अध्यक्ष मोहला, प्रेमलाल कुंजाम अध्यक्ष गोड़वाना गोंड महासभा बालोद, भोला राम नेताम जनपद उपाध्यक्ष डौंडी, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, राजकुमार पूरमा पूर्व डिप्टी कलेक्टर महाराष्ट्र, रमेश कुमार कोरचा गोंडी धर्म सहितकरा, सोमेश सोरी पूर्व नगर पंचायत डौंडी, मोहन हिड़को, तुलसी मरकाम, साधना सोरी जनपद सदस्य आदि शामिल हुए। आयोजन में संभाग स्तरीय गोंड समाज संभाग मोहला के संरक्षक सुरेश कुमार दुग्गा ,मोहन हिड़को, संरक्षक जगत राम सलामे , सलाहकार हीरेसिंह घावड़े, संभाग अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेताम, महासचिव तुकाराम कोर्राम, उपाध्यक्ष मोहन सलाम, भागवत पुराम, सचिव कुमार जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़े ,कोरेटी ,कोषाध्यक्ष तुलसीराम मरकाम, सह सचिव नीतराम पुरामें, संभागीय महिला अध्यक्ष सरिता मंडावी ,देवी सलाहकार भानु तुलावी (देवकोंडे), विधिक सलाहकार सियाराम कुंजाम,युवा प्रभाग अध्यक्ष अंगद सलाम, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ से चंद्रेश ठाकुर आदि का योगदान रहा।

## लो-वोल्टेज से मिली राहत : भर्रीटोला विद्युत उपकेंद्र में पांच एमवीए ट्रांसफार्मर स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा/बालोद

- सुशासन तिहार में हुई समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई

डौण्डी विकासखण्ड अंतर्गत सुशासन तिहार की समीक्षा करने पर संबंधित क्षेत्र में रबी फसल के समय 11 केवी कुंजकन्हार एवं 11 के वी घो ठि या फीडर में ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से जनता तथा किसानों के परेशान होने की जानकारी व शिकायत मिली। सुशासन तिहार में विशेषतः भर्रीटोला वितरण केन्द्र के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र भर्रीटोला में लो-वोल्टेज की शिकायत की गयी थी। जिसके निवारण हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के आदेश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग द्वारा किसानों को समस्या से निजात दिलाने हेतु 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र भर्रीटोला में 3.15 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करते हुये 5 एमवीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर 22 मई 2025 को उर्जीकृत किया गया। उक्त कार्रवाई में संजय खंडेलवाल मुख्य अभियंता दुर्ग क्षेत्र श्री एसके बंड कार्यपालन अभियंता (सं/सं.) संभाग बालोद, प्रफुल्ल पलसोलकर कार्यपालन अभियंता संभाग ग्रामीण दुर्ग और धमेन्द्र भारती कार्यपालन अभियंता (प्रोजेक्ट) संभाग दुर्ग के कुशल नेतृत्व में आरसी साहू सहायक अभियंता उपसंभाग दल्लीराजहरा, डीके साहू सहायक अभियंता (प्रोजेक्ट) दुर्ग, टीएस भाटिया सहायक अभियंता बालोद एवं उनकी तकनीकी टीम शामिल थी। उल्लेखनीय है कि भर्रीटोला उपकेन्द्र की क्षमता 6.30 एमवीए से बढ़कर 8.15 एमवीए हो गई है। इस ट्रांसफार्मर क्षमता आवर्धन कार्य की लागत लगभग 46.63 लाख रुपये है। यह व्यय केन्द्र सरकार के आरडीएसएस स्कीम के तहत प्रदत्त आबंटन से बालोद जिले के मद मे किया जाएगा। इस जन उपयोगी कार्य को बालोद सं./सं. संभाग के वर्ष 2025-26 के वित्तीय बजट में की जाएगी।



**इन गांवों को मिलेगा लाभ**

स्थापित किए गए नये 5 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर से डौंडी सहित भर्रीटोला वितरण केन्द्र के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुंजकन्हार, सुरडोंगर, लिमऊडीह, कुवागोंदी, कांडे, घोठिया, पटेली, पचेड़ा, ढोर्रीठेमा, मडियाकट्टा, पेण्ड्री, ओडगांव, वनपण्डेल, उरझे, लैनकसा, मरकाटोला(एस) खुर्सीतिकुर, भर्रीटोला, अवारी, गुढुम, बम्हनी ए छिंदगांव के लगभग 18 ग्रामों के 3000

## वीर जवानों को समर्पित 'सिंदूर यात्रा' 25 को

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच जिला बालोद द्वारा 25 मई को दोपहर 3 बजे कार्यालय ट्रैफ़िक पुलिस के सामने, जय स्तम्भ चौक बालोद में नगर भ्रमण करते हुए सिंदूर यात्र का आयोजन किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश के वीर जवानों ने पुरे भारत में बेटियों और बहनो के सम्मान और गौरव की बहादुरी से रक्षा की है। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो पुरे देश को गौरव से भर देती है। इसलिए बालोद जिला स्वाभिमान मंच के बैनर तले मातृ शक्तियां भारतीय सेना का आभार मनाने शौर्य और गौरव से भरे सिंदूर यात्र निकालेंगी। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगांव में पाकिस्तान से आये इस्लामिक कट्टरपंथी आतंकवादियों के द्वारा भोले भाले पर्यटको को उसकी जाति धर्म पूछ कर उनके परिजनों के सामने ही जिस प्रकार निर्ममता से नर संहार किया गया वो न केवल असहनीय था, बल्कि भयानक भी था, जिसका जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और सशस्त्र बलो ने आतंकवाद के खिलाफ साहसिक और निर्णायक हमला किया तथा आतंकवादी ढांचे को ध्वस्त किया। इस गौरव गाथा मे सेना के प्रति समर्थन व्यक्त करने के लिए यात्र निकाली जाएगी। आयोजको ने कहा भारतीय सैन्य अभियान राष्ट्र के गौरव और अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जका संकल्प है– देश न तो झुकेगा और न ही टूटेगा, उन्होंने अपने संकल्प अनुसार देश के बहन बेटियों के सिंदूर पर कुदृष्टि डालने वालों को सबक सिखाया। अब बारी विजय की आकांक्षा से युक्त संगठित हिन्दू नारियों को अपनी संगठन शक्ति दिखाने का इसलिए 25 मई को दोपहर 3 बजे कार्यालय ट्रैफ़िक पुलिस के सामने, जय स्तम्भ चौक, बालोद में नगर भ्रमण करते हुए सिंदूर यात्रा का समापन होगा।

## गुरुर में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

भाजपा मंडल गुरुर अंतर्गत नगर पंचायत गुरुर में देउर मंदिर प्रांगण में देवी अहिल्या बाई होलकर जी की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में साफ–सफाई किया गया। इस दौरान मंदिर प्रांगण के साथ मंदिरो के बागवानी की सफाई की गई। अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर आनंद शर्मा ने बताया लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला कार्यशाला में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने पखवाड़े भर की विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की थी। जिसमे भाजपा मंडल गुरुर के निवर्तमान अध्यक्ष कौशल साहू, महामंत्री ताम्रध्वज यादव, लिखेश्वर साहू, उपाध्यक्ष गणेश्वरी खरेंद्र, प्रेमसाय कलिहारी, मंत्री दिनेश्वरी सिन्हा, चंदन सिन्हा, जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, गिरधर ठाकुर, चंद्रप्रकाश गांधी, नारायण टेके, चिंतासाहू, फागु सिन्हा, भारत सार्वा, हरिओम श्याम, अनमोल बग्गा, मधु साहू, राकेश साहू, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### डौण्डी में समाधान शिविर 24 को

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शनिवार 24 मई को नगर पंचायत डौण्डी कार्यालय के समीप समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**गांव से राजधानी तक का सफर-परिश्रम और समर्पण का परिणाम**

## चिखली की चार छात्राएं रायपुर फुटबॉल अकादमी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

बालोद जिले के आदिवासी विकासखंड डौंडी की छात्राओं ने खेल जगत में नया कीर्तिमान रचा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली की चार छात्राओं प्राची पोर्ते, श्वेता, कशिश उसेंडी और वंदिता का चयन रायपुर फुटबॉल अकादमी में हुआ है। यह चयन 21 से 23 अप्रैल 2025 के बीच आयोजित मोटर एबिलिटी और कौशल परीक्षण के आधार पर हुआ।

रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव और शिक्षक चंद्रशेखर पवार ने बताया कि चिखली बालोद की छह छात्राओं ने ट्रायल में भाग लिया था। व्यायाम शिक्षिका टामिन साहू के मार्गदर्शन में इन बालिकाओं ने कठिन परिश्रम किया और पहले ही प्रयास में चार छात्राएं चयनित हो गईं। जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष सौरभ लुनिया ने इन छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि छोटे गांवों में भी फुटबॉल के प्रति लगाव सराहनीय है। उन्होंने कोच चंद्रशेखर पवार की प्रशंसा की और कहा कि उनके प्रयासों से गांव के बच्चे राजधानी तक पहुंच रहे हैं। रायपुर अकादमी में छात्राएं न सिर्फ खेल की बारीकियां सीखेंगी, बल्कि प्रतियोगिताओं में भाग भी लेंगी। उन्हें रहने, खाने और खेल सामग्री की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी, जिसका खर्च शासन वहन करेगा। कोच चंद्रशेखर पवार ने सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया और कहा कि सभी के समर्थन से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। बच्चों की मेहनत का परिणाम अब सामने आ रहा है।



**इनका रहा योगदान**

इस सफलता में बीएसपी प्रबंधन दल्लीराजहरा, जिला खेल अधिकारी बालोद, शिक्षा विभाग के अधिकारी किशोर मेहरा, संस्था प्राचार्य विनीता सैनी, ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच रम्हाऊ राम, रामाधार साहू, चंद्रकला साहू, राष्ट्रपाल पंच, बीएसओ मंजुला यदु, जगप्रीत सिंह संधू, संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राओं के माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून, 14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411